कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दिनांक : 22 / 12 / 2021

गर्ल्स कॉलेज में
राष्ट्रीय गणित दिवस पर आयोजन
गणित का कौशल विकास में महत्वपूर्ण स्थान

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के स्नातकोत्तर गणित विभाग के द्वारा छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के तत्वाधान में राष्ट्रीय गणित दिवस पर सप्ताह भर विभिन्न आयोजन किए गए।

विभागाध्यक्ष डॉ. अनुजा चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्व धरोहर डॉ. श्रीनिवास रामानुजन के जन्मतिथि के अवसर पर महाविद्यालय में विषय–विशेषज्ञों के व्याख्यान, प्रश्नमंच, पावर प्वाईन्ट प्रजेन्टेशन स्पर्धा, निबंध, पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्राप्त छात्राओं को नगद पुरस्कार दिए गए।

पुरस्कार वितरण समारोह की मुख्य अतिथि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. अरुणा पलटा थी। अपने उद्बोधन में उन्होनें कहा कि गणित का हमारे दैनिक जीवन में बहुत ही महत्व है। इसके बिना सामान्य जीवन की गतिविधियाँ शून्य हो जायेंगी। उन्होनें अपने परिवार का उदाहरण देते हुए कहा कि मेरे परिवार के सभी सदस्य गणित विषय को लेकर उच्च शिक्षा प्राप्त की है। जबकि मैनें गृहविज्ञान विषय लिया है। मुझे विरासत में गणित का ज्ञान प्राप्त हुआ। जिसके कारण बहुत सी समस्याओं को हल करने में मुझे सफलता मिलती है। जीवनचक्र में टाईम–मैनेजमेन्ट का महत्वपूर्ण स्थान है। जो हमें हर क्षेत्र में आगे बढ़ने मदद करता है। उन्होनें छात्राओं की प्रस्तुतियों को सराहा और इस अवसर पर उन्हें पुरस्कृत किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि कौशल विकास में गणित का महत्वपूर्ण स्थान है। विभिन्न माध्यमों से गणित ने अपनी जगह बनाई है। गणित में अनुसंधान के क्षेत्र में भारत की पूरे विश्व में अपनी विशिष्टता है। श्रीनिवास रामानुजम, आर्यभट्ट ने गणित के सिद्धान्तों को स्थापित किया है जो आज विश्व की धरोहर है।

महाविद्यालय की आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. अमिता सहगल ने पुरस्कृत छात्राओं को बधाई देते हुए उत्साहवर्धन किया।

गणित दिवस पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में निबंध स्पर्धा में प्रथम– कु. मंजिता ठाकुर, द्वितीय–कु. नम्रता चन्द्राकर एवं तृतीय स्थान पर कु. निर्मला सिंह रहीं। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान–कु. उपासना साहू, जबकि द्वितीय स्थान पर कु. माधुरी एवं शिखा पेण्डारिया तथा तृतीय स्थान पर पूर्णिमा बंजारे रहीं। पावरप्वाईन्ट प्रस्तुति में कु. भुलेश्वरी प्रथम एवं कु. सुधा द्वितीय स्थान पर रही। इस प्रतियोगिता में कु. प्रेरणा शर्मा एवं पूजा सोरी तृतीय स्थान पर रहीं। रोचक क्वीज स्पर्धा में – कु. रुखमणी, कु. टिकेश्वरी, कु. मीना, कु. खुमेश्वरी का समूह सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पाया। सभी प्रतियोगियों को पुरस्कार एवं प्रमाण–पत्र प्रदान किए गए।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्राएँ एवं प्राध्यापकगण उपस्थित थे।

गणित विभाग की कु. पूजा यादव, शंकर वैद्य, कु. प्राक्षी नायक ने सक्रिय योगदान दिया।

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

गर्ल्स कॉलेज में

राष्ट्रीय गणित दिवस पर आयोजन

गणित का कौशल विकास में महत्वपूर्ण स्थान